# नगर निगम की ओर से "आजादी का अमृत महोत्सव" कार्यक्रम का आयोजन आज से

Directorate of Municipal Administration, Urban Development & Housing Department
DMA

नगर आयुक्त ने बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने के दिये निर्देश

**कार्यक्रम**

## आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन 27 से तीन अक्तूबर तक होंगे कई कार्यक्रम

- कार्यक्रम के लिए अलग-अलग स्थान का किया गया चयन

**संवाददाता, देवघर**

नगर निगम की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव समारोह का आयोजन 27 सितंबर से तीन अक्तूबर तक किया जायेगा. इसके तहत अलग-अलग दिन के लिए निर्धारित कार्यक्रम के लिए अलग-अलग स्थान का भी चयन कर लिया गया है. कार्यक्रम की तैयारी के लिए नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल की अध्यक्षता में पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक हुई. इसमें सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये. कार्यक्रम की शुरुआत 27 सितंबर को कचरा अलग करो अमृत महोत्सव दिवस व प्लास्टिक मुक्त देवघर रैली का आयोजन किया जायेगा. 28 सितंबर को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र, मुहल्ला, एसोसिएशन और अन्य आवासीय संघ का अभिनंदन किया जायेगा. 29 सितंबर को सार्वजनिक शौचालय सफाई जनभागीदारी अमृत उत्सव, 30 सितंबर को सामुदायिक शौचालय पर कार्यक्रम, एक अक्तूबर को कला प्रदर्शनियों के लिए अपशिष्ट बरतन भंडार व अपशिष्ट उद्यमियों का अभिनंदन, दो अक्तूबर को सफाई मित्रों का सम्मान, फ्रंट लाइन वर्कर का कोविड-19 का वैक्सीनेशन व तीन अक्तूबर को नागरिकों को कचरे की यात्रा के बारे में जागरूक करने के लिए सार्वजनिक स्थान पर डिजिटल डिस्प्ले आदि से संबंधित जानकारी सुनिश्चित कराना है. कार्यक्रम में लाइंस क्लब, इनरव्हील क्लब, रेडक्रॉस सोसाइटी, अलका जागृति ट्रस्ट, रचना, क्रॉनिक आदि संस्थाएं सहयोग करेंगी. इधर, सूडा के निदेशक अमित कुमार ने भी अमृत महोत्सव के सफल संचालन के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक सुझाव दिये. साथ ही कार्यक्रम की समीक्षा की.



बैठक करते नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल.